भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 269
गुरूवार, 3 फरवरी, 2022/14 माघ, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पुडुचेरी में 'स्वदेश दर्शन' योजना

269. श्री एस. सेल्वागनबेथीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पुडुचेरी सरकार ने पुडुचेरी में पर्यटक सर्किट के महत्व पर विचार करते हुए केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित 'स्वदेश दर्शन' योजना का लाभ उठाया है;

(ख) यदि हाँ, तो योजना के अंतर्गत क्या-क्या पहल की गई हैं; और

(ग) योजना के अंतर्गत गत पाँच वर्षों के दौरान प्राप्त और खर्च की गई निधि का ब्योरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए 76 परियोजनाओं को स्वीकृत किया है जिसमें पुडुचेरी की 3 परियोजनाएं शामिल हैं । स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि	उपयोग की गई राशि
3	148.31	136.69	114.4

*****